दिनांक 05.06.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

# मंगल बाजार में बनेगा डोमशेड और दर्री तालाब के समीप कमरा व मंच

## महापौर देवेन्द्र यादव ने किया विकास कार्य की शुरुआत

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 28 मे डोमशेड और मंच निमार्ण किया जाएगा। विकास कार्य के लिए स्वीकृति मिलने के बाद आज महापौर एवं विधायक भिलाईनगर देवेन्द्र यादव ने सभापति पी श्याम सुंदर राव एवं वार्ड पार्षद तुलसी पटेल व वार्ड के कुछ वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में कार्य की शुरुआत की। 25 लाख की लागत से क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्य से नागरिकों को सार्वजनिक आयोजनों में सहूलियत मिल सकेगी। वार्ड 28 के मंगल बाजार क्षेत्र के नागरिकों द्वारा सार्वजनिक एंव धार्मिक आयोजन होते है , बारिश व गर्मी के सीजन में आयोजन हेतु डोमशेड की मांग लंबे समय से की जा रही थी , जिसे महापौर श्री यादव के द्वारा पूरी कराए जाने के बाद वार्डवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए महापौर व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार दर्रीतालाब के पार में स्थित मंदिर प्रांगण के समीप मंच निमार्ण हेतु भूमिपूजन किया गया। वार्ड 28 छावनी के दो स्थानों पर विकास कार्यों की शुरूआत करने आज महापौर देवेन्द्र यादव पहुंचे। छावनी के मंगल बाजार में डोमशेड निर्माण और दर्रीतालाब के पास मंच एवं कमरा निर्माण किया जाएगा ताकि क्षेत्र के नागरिकों को सुविधा मिल सके। महापौर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए डोमशेड और मंच निर्माण के कार्यों को निर्धारित कार्यअवधि में पूर्ण किया जाए ताकि वार्ड 28 के नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। नए मंच का निर्माण होने से सार्वजनिक आयोजन में धूप एवं बारिश मे बाधा नहीं आएगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद महापौर श्री यादव वार्ड के नागरिकों से मुखातिब हुए और उनके साथ वार्ड का पैदल भ्रमण कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए तथा शीघ्र ही समस्या का निराकरण करने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किए। भिलाई निगम के जोन क. 04 अंतर्गत वार्ड 28 में छावनी के मंगल बाजार में पुराने जर्जर हो चुके मंच का संधारण किया जाएगा और डोमशेड का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह छावनी तालाब के पास मंच एवं कमरा निर्माण किया जाएगा ! इस दौरान डी कामराजू , नरसिंह नाथ, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े , सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर सहित क्षेत्र के कुछ वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।